web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 19 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 82

# आधुनिक रडार-मिसाइलों से लैस 'आईएनएस मोरमुगाओ' भारतीय नौसेना में शामिल

**0 रक्षा मंत्री ने गिनाईं खूबियां**



**मुंबई (आरएनएस)।** स्वदेश निर्मित मिसाइल विध्वंसक 'आईएनएस मोर्मूगाओ' को रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है। 'आईएनएस मोर्मूगाओ' को सेना में शामिल किए जाने के लिए मुंबई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी उपस्थित थे।

इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा कि युद्धपोत को शामिल किए जाने से भारत की समुद्री ताकत मजबूत होगी। उन्होंने 'आईएनएस मोर्मूगाओ' को प्रौद्योगिकी आधार पर सबसे उन्नत युद्धपोत बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और विशेषज्ञों के अनुसार यह 2027 में शीर्ष तीन में शामिल हो जाएगी।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धपोत को गोवा मुक्ति दिवस की पूर्व संध्या पर नौसेना में शामिल किया जाना पिछले एक दशक में युद्धपोत डिजाइन और निर्माण क्षमता में हुई बड़ी प्रगति की ओर इशारा करता है। भारतीय नौसेना के अनुसार, यह युद्धपोत दूरसंवेदी उपकरणों, आधुनिक रडार और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल जैसी हथियार प्रणालियों से लैस है।

नौसेना ने बताया कि इस युद्धपोत की लंबाई 163 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर तथा वजन 7,400 टन है। इसे भारत द्वारा निर्मित सबसे घातक युद्धपोतों में गिना जा सकता है। पश्चिमी तट पर स्थित ऐतिहासिक गोवा बंदरगाह शहर के नाम पर मोर्मूगाओ नाम रखा गया है।

## गुरदासपुर में फिर घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, बीएसएफ ने 40 राउंड फायरिंग कर खदेड़ा

**गुरदासपुर (आरएनएस)।** भारत-पाक सीमा पर लगातार भेजे जा रहे पाकिस्तानी ड्रोन के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के प्रयासों को बीएसएफ के जवान नाकाम कर रहे हैं। इसी तरह का मामला एक बार फिर सामने आया है। दरअसल, पंजाब में गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक में बीएसएफ की चंदू वडाला पोस्ट पर 250 मीटर की ऊचाई पर पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया है, जो 15 सैकेंड तक भारत की सरहद के अंदर रहा, लेकिन मुस्तैद बीएसएफ के जवानों ने 40 राउंड फायरिंग की और 6 इल्लु बम भी चलाए जिसके बाद ड्रोन पाकिस्तान की और चला गया। फिलहाल बीएसएफ और पुलिस की ओर से इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## आतंकी संगठन टीआरएफ की कश्मीरी पंडितों को खुली धमकी, कहा- जल्द बनाएंगे निशाना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आतंकी संगठन द रजिस्टेंस फोर्स ने एक बार फिर चि_ी के जरिए कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाने की धमकी दी है। टीआरएफ ने कहा है कि हमने जो ये लिस्ट जारी की है ये उन लोगों की आंख खोलेगी जो कश्मीरी पंडितों के हितैषी बनने की कोशिश करते हैं। इन लोगों ने हमेशा विक्टिम कार्ड खेला है और दोनों तरफ से फायदा लेने की कोशिश की है। 1990 की शुरुआत में ये आईबी के लिए काम करते थे, अब ये लोग संघी एजेंडे पर आगे निकल गए हैं।

आतंकी संगठन ने कहा है कि ये कश्मीरी पंडित असल में दिल्ली के एजेंट हैं जिन्हें यहां नौकरियां दी जा रही हैं, बड़े पदों पर तैनात किया जा रहा है। टीआरएफ दावा कर रहा है कि इन सभी लोगों का जल्द खून बहेगा, इन्हें निशाना बनाया जाएगा। इससे पहले भी टीआरएफ ने इसी तरह से कश्मीरी पंडितों को धमकी दी है। कुछ दिन पहले ही कहा गया था कि कश्मीर की जमीन पर जिन विदेशी कर्मचारियों के लिए बस्तियां खड़ी की गई हैं, उन्हें कब्रगाह बना दिया जाएगा। जानकारी के लिए बता दें कि टीआरएफ के पीछे लश्कर-ए-तैयबा का हाथ माना जाता है। यह संगठन उस वक्त चर्चाओं में आया था, जब साल 2020 में इसने बीजेपी कार्यकर्ता फिदा हुसैन, उमर राशिद बेग और उमर हाजम की कुलगाम में बेरहमी से हत्या कर दी थी। भारतीय एजेंसियों के मुताबिक कश्मीर में अन्य बीजेपी नेताओं की हत्या के पीछे भी इसी संगठन का हाथ रहा है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बेकाबू डंपर ने 6 लोगों को कुचला, 4 की मौत

**छिंदवाड़ा (आरएनएस)।** रविवार को मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में एक डंपर ने पैदल चल रहे छह लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य 2 लोग घायल बताए जा रहे हैं जिनका इलाज किया जा रहा है। एक घायल की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। छिंदवाड़ा के चंदनगांव में देर रात तेज रफ्तार से आ रही डंपर ने दो मोटरसाइकिल और एक पैदल यात्री को कुचलते हुए डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना के बाद मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। एएसपी ने बताया कि, एक्सीडेंट के वक्त एक मोटरसाइकिल पर पर तीन लोग जबकि दूसरी पर दो लोग सवार थे। डंपर ने एक पैदल यात्री को भी कुचल दिया है। दुर्घटना के शिकार सभी पीड़ित छिंदवाड़ा के ही रहने वाले थे। सभी की उम्र 20 से 35 साल के बीच थी। मामले में आरोपी ड्राइवर को तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया है। डंपर को भी सीज कर दिया गया है।

### नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर 2 बसों में भीषण टक्कर, 3 यात्रियों की मौत- 20 घायल

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर रविवार तडक़े दो बसों में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई जबकि कई यात्री घायल हो गए, जिनमें दो की हालत नाजुक है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क के पास ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह 2 बसें आपस में टकरा गईं। खबरों के मुताबिक, इस भीषण सडक़ हादसे में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है और 20 लोग घायल हो गए। इनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है। पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसे का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### रात में फोन पर बात करने पर शख्स ने की बेटी की हत्या, मामला दर्ज

**हैदराबाद (आरएनएस)।** हैदराबाद में एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यक्ति ने अपनी सौतेली बेटी की हत्या कर दी क्योंकि वह रात में किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रही थी। घटना मुशीराबाद थाना क्षेत्र के बकाराम में बीती रात हुई। यासमीन उन्नीसा (17) की गला दबाकर हत्या करने के बाद, ऑटोरिक्शा चालक मोहम्मद सादिक ने पुलिस स्टेशन जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी देर रात तक मोबाइल फोन पर लगी रहती थी और उसके समझाने के बावजूद वह नहीं सुधर रही थी। बीती रात उसने उसे डांटा और गुस्से में आकर गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। घर में यासमीन अकेली थी। पीड़िता की मां रहीम उन्नीसा विदेश में कार्यरत बताई जाती है। यास्मीन अपने पहले पति से रहीम उन्नीसा की दो बेटियों में से एक थी। उसकी मृत्यु के बाद, उसने सादिक से शादी की और बाद में नौकरी के लिए दुबई चली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## आफताब के बाद अब दिलदार! पत्नी की हत्या कर शव के किए 12 टुकड़े और कुत्तों के झुंड के बीच फेंका




**साहिबगंज (आरएनएस)।** झारखंड से दिल दहला देने वाली घटना की खबर सामने आई है। यहां श्रद्धा हत्याकांड जैसा कांड देखने को मिला है। दरअसल, साहिबगंज में बोरिया संथाली के एक निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे मानव अंग के टुकड़े मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शनिवार शाम इस घटना की भनक तब लगी जब किसी शख्स ने आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे एक महिला के पैर और सीने के कटे टुकड़े को कुत्ते को नोच-नोचकर खाते देखा। पुलिस ने आरोपी पति दिलदार अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है।

साहिबगंज में एक शख्स पर आरोप है कि उसने अपनी 22 वर्षीय पत्नी रबिका पहाडिऩ को कटर से बारह टुकड़ों में काट दिया गया है। मृतका गोंडा पहाड़ की रहनेवाली थी। वह प्रेम विवाह के बाद पति दिलदार अंसारी के साथ बेलटोला स्थित घर पर रहती थी। दिलदार पर आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही वह अपनी पत्नी से झगडऩे लगा था। आखिरकार झगड़े से तंग आकर उसने खतरनाक प्लान बनाया और फिर पत्नी की हत्या कर इलेक्ट्रिक कटर से शव के 12 टुकड़े कर दिए। फिर उसे आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे फेंक दिया। यह भी पता चला है कि रबिका दिलदार की दूसरी पत्नी थी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार महिला का क्षत-विक्षत शव शनिवार की शाम छह बजे बोरियो थाना क्षेत्र के संथाली मोमिन टोला स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे 12 टुकड़ों में बरामद किया गया। बताया गया है कि शरीर के कटे अंग को कुत्ते घसीट रहे थे, तब जाकर मामले का खुलासा हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। फिर पुलिस की टीम भारी संख्या में दल बल के साथ पहुंची। इस दौरान डॉग स्चयड भी साथ में था।

## सरगम कौशल ने 21 साल बाद जीता मिस वर्ल्ड 2022 का खिताब, क्राउन पहनते ही छलके आंसू




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत की सरगम कौशल ने 21 साल बाद मिसेज वर्ल्ड का खिताब जीत लिया है। उन्होंने देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। अमेरिका में आयोजित मिसेज वर्ल्ड 2022-23 का खिताब अपने नाम किया है। इस प्रतियोगिता में मिसेज पोलिनेशिया को फर्स्ट रनर-अप और उसके बाद मिसेज कनाडा को सेकेंड रनर-अप घोषित किया गया। इसकी जानकारी मिसेज इंडिया पेजेंट ने रविवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर दी।

पेज पर सरगम की फोटो के साथ कैप्शन में लिखा गया है, लंबा इंतजार खत्म हो गया है। 21 साल बाद ताज हमारे पास वापस आ गया है। समारोह के बाद एक वीडियो में जम्मू-कश्मीर की रहने वाली मिसेज वर्ल्ड ने कहा, हमें 21-22 साल बाद ताज वापस मिला है। मैं बहुत उत्साहित हूं। लव यू इंडिया, लव यू वर्ल्ड।

पूर्व मिसेज वर्ल्ड अदिति गोवित्रीकर ने भी इस जीत पर सरगम कौशल को बधाई देते हुए खास मैसेज पोस्ट किया है। एक्ट्रेस अदिति गोवित्रीकर ने अपनी पोस्ट में सरगम कौशल के लिए लिखा है कि, मुबारक हो सरगम और मिसेज इंडिया, इस सफर का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। 21 साल बाद ये क्राउन फिर एक बार अपने देश वापस आया है।

कौन हैं मिसेज वर्ल्ड सरगम कौशल

21 साल अमेरिका में आयोजित ब्यूटी कॉन्टेस्टेट जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली सरगम कौशल जम्मू कश्मीर की रहने वाली हैं। सरगम मॉडल और टीजर हैं। उन्होंने साल 2018 में शादी की। साल 2022 में उन्होंने मिसेज इंडिया वर्ल्ड 2022 का खिताब जीता था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सरगम के पति इंडयन नेवी में हैं।

## यूपी के 176 माध्यमिक विद्यालयों की मान्यता हो सकती है रद्द



प्रयागराज ,18 दिसंबर(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने सामूहिक नकल की शिकायतों पर 176 माध्यमिक विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जवाब से संतुष्ट न होने पर इन स्कूलों की मान्यता रद्द भी हो सकती है। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने 176 स्कूलों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस) को भेज दी है, ताकि इन स्कूलों को 2023 की बोर्ड परीक्षाओं का केंद्र न बनाया जाए।

यूपी बोर्ड को बोर्ड और आंतरिक परीक्षाओं के दौरान इन स्कूलों में नकल की शिकायतें मिली थीं। बोर्ड पहले ही 176 में से 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर चुका है। सबसे अधिक 27 स्कूल आजमगढ़ मंडल से हैं, जबकि चार प्रयागराज मंडल में हैं।

शुक्ला ने कहा, इन स्कूलों को पिछली परीक्षाओं में विसंगतियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं हमने सूची को संबंधित डीआईओएस को भी भेज दिया है, ताकि इन स्कूलों को 2023 में कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र न बनाया जाए।

स्कूलों के मामले और जवाब यूपी बोर्ड की मान्यता समिति के समक्ष रखे जाएंगे और मान्यता वापस लेने से पहले इसकी सिफारिशें राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजी जाएंगी।

अधिकारियों ने बताया कि कई मामलों में संबंधित डीआईओएस और क्षेत्र के संभागीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) से भी रिपोर्ट मांगी गई है.

कुछ विद्यालय ऐसे हैं जिनके लिए डीआईओएस के साथ-साथ शिक्षा के संयुक्त निदेशक स्तर पर मान्यता वापस लेने की अनुशंसा की गई थी। पिछले साल परीक्षाओं के दौरान सामूहिक नकल में मदद करने वाले स्कूलों के खिलाफ भी मान्यता वापस लेने की सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

प्रयागराज के भी चार स्कूलों की मान्यता वापस ली जा रही है। शंकरगढ़ के सिंधी टोला स्थित न्यू चिल्ड्रेन स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी कर मामला यूपी बोर्ड की मान्यता प्रदान करने वाली समिति को भेजा गया है।

चंद्रसेन स्थित श्री बच्चा सिंह सिंगरौर इंटर कॉलेज और असरावे कलां स्थित यूडी मेमोरियल इंटर कॉलेज के मामले में संयुक्त शिक्षा निदेशक से भी रिपोर्ट मांगी गई है।

ट्रांसपोर्ट नगर धूमनगंज के गयासुद्दीनपुर के पंचम लाल आश्रम इंटर कॉलेज के खिलाफ भी कार्रवाई चल रही है।

## यूपी के फतेहगढ़ में मुठभेड़, हिस्ट्रीशीटर ढेर



**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के फतेहगढ़ में रविवार को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के पुलिसकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक हिस्ट्रीशीटर मारा गया। खबरों के मुताबिक, कायमगंज प्रभारी निरीक्षक एसओजी व निगरानी प्रभारी टीम के साथ टेडी कौं चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे, जहां उन्हें सूचना मिली कि देवेंद्र उर्फ पिंकू नाम का हिस्ट्रीशीटर अपने दोपहिया वाहन पर आ रहा है।

पुलिस टीम ने पूछताछ के लिए उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन अपराधी ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में पिंकू घायल हो गया और उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे फरुखाबाद के राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।


आरोपी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

पिंकू पर पूर्व में 19 आपराधिक मामले दर्ज थे और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी था।

पुलिस के अनुसार, पिंकू 2016 में कासगंज के सेवानिवृत्त अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) रामवतार गुप्ता की हत्या में वांछित चल रहा था।

2019 में उस पर फरु खाबाद कोटेदार, राम नरेश तिवारी के अपहरण और हत्या का कथित रूप से आरोप लगाया गया था।

## उद्घाटन से पहले ही ढहा 14 करोड़ की लागत से बना पुल, नदी में हुआ विलीन



**बेगूसराय (आरएनएस)।** बेगूसराय से एक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शाहेबपुर कमाल प्रखंड के विष्णुपुर आहोक के समीप गंडक नदी पर बना पुल आज सुबह एकाएक टूटकर नदी में बह गया। साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के आहोक गंडक घाट किनारे से आकृति टोला चौकी और बिशनपुर के बीच 206 मीटर के पुल का निर्माण हुआ था। निर्माण कार्य साल 2016 में शुरू हुआ था और साल 2017 में पूरा हो गया था।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले 2 महीनों से इस पुल में दरार आनी शुरू हुई थी। लेकिन लोगों का परिचालन अनवरत जारी था और आज सुबह एकाएक यह पुल पाया नंबर दो और तीन के बीच से टूटकर नदी में विलीन हो गई। गनीमत यह रही कि उस वक्त पुल पर कोई बड़ी गाड़ी या लोग मौजूद नहीं थे नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

लोगों के माने तो उक्त पुल के निर्माण में लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के घालमेल की वजह से इसके निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई। विष्णुपुर आहोक एवं साहेबपुर कमाल को जोडऩे वाली यह अकेला पुल था साथ ही साथ इस पूल के सहारे बेगूसराय जिले के बखरी, गढ़पुरा एवं मुंगेर जिले के कुछ इलाकों के साथ-साथ खगरिया जिला के लोग भी आवागमन करते थे। अब यहां के आम लोग एक बार फिर नाव के सहारे आर पार करने को विवश हो रहे हैं।

## मेघालय में पीएम मोदी का चीन को संदेश, भारत डंके की चोट पर करेगा अपने बॉर्डर एरिया का विकास



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेघायल के शिलांग में उत्तर-पूर्व परिषद के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि मैं मेघालय के सभी भाइयों और बहनों को राज्य को समर्पित कनेक्टिविटी, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार योजनाओं के लिए बधाई देता हूं। यह एक संयोग है कि जब फुटबॉल विश्व कप फाइनल हो रहा है, तो मैं फुटबॉल प्रेमियों को फुटबॉल पर संबोधित कर रहा हूं। एक तरफ दुनिया का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट हो रहा है और हम एक फुटबॉल ग्राउंड से विकास कार्यों की शुरुआत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खेलों को लेकर केंद्र सरकार आज एक नई अप्रोच के साथ आगे बढ़ रही है। इसका फायदा नॉर्थ ईस्ट के युवाओं को हुआ है। देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी नॉर्थ ईस्ट में है।

उन्होंने कहा, 'लंबे समय तक देश में यह सोच रही है कि बॉर्डर एरिया में विकास हुआ, कनेक्टिविटी बढ़ी तो दुश्मन को फायदा होगा। मैं तो कल्पना भी नहीं कर सकता हूं कि क्या ऐसा भी कभी सोचा जा सकता है। पहले की सरकार की इस सोच के कारण नार्थ-ईस्ट समेत देश के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर नहीं हो पाई। लेकिन आज डंके की चोट पर बॉर्डर पर नई सडक़ें, नई टनल, नए पुल, नई रेल लाइन, नए एयर स्ट्रिप, जो भी आश्वयक है, एक के बाद एकज्उसके निर्माण का काम तेज गति से चल रहा है। जो समीवर्ती गांव कभी वीरान हुआ करते थे, हम उन्हें वाइब्रेंट बनाने में जुटे हैं। जो गति हमारे शहरों के लिए महत्वपूर्ण है, हमारे बॉर्डर पर भी वही गति होनी आवश्यक है। इससे यहां टूरिज्म भी बढ़ेगा और जो लोग गांव छोडक़र गए हैं, वे वापस लौट के आएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि मेघालय के विकास के लिए 7 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए। पहले यह खर्च 2 लाख करोड़ से कम था। पूर्वोत्तर सस्ती हवाई योजना से जुड़ा। रेल से सडक़ तक काम हो रहा है। डिजिटल कनेक्टिविटी से सिर्फ बातचीत, संवाद ही बेहतर नहीं होता। बल्कि इससे टूरिज्म से लेकर टेक्नॉलॉजी तक, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, हर क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ती हैं, अवसर बढ़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नार्थ ईस्ट में बड़ी संख्या में लोगों हिंसा का रास्ता छोडक़र विकास की राह पकड़ी। उन्होंने कहा कि राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाया जा रहा है।